भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3511
सोमवार, 15 जुलाई, 2019/24 आषाढ़, 1941 (शक)

रोजगार के अवसर

3511. श्री चन्दन सिंहः
श्रीमती प्रतिमा मण्डलः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में रोजगार के अवसरों की वार्षिक वृद्धि दर और संख्या बढ़ाने के लिए प्रधान मंत्री के नेतृत्व में दो पैनल गठित किए हैं;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने उक्त मामलों के बारे में प्राथमिकता तय की है;

(घ) यदि हां, तो इन दोनों क्षेत्रों में सरकार की प्राथमिकताओं का ब्यौरा क्या है;

(ङ) उक्त पैनलों द्वारा प्राप्त किए जाने वाले उद्देश्यों के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है; और

(च) गत दो वर्षों में भारत में बेरोजगारी दर में बदलाव नहीं आने के क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (च): जी, हां। 'निवेश एवं वृद्धि संबंधी मंत्रिमंडल समिति' और 'रोजगार एवं कौशल विकास संबंधी मंत्रिमंडल समिति' का गठन 06.06.2019 को किया गया है। मंत्रिमंडल की स्थायी समितियां तथा उनके कार्य भारत सरकार (कारोबार का संचालन) नियम, 1961 (टीओबी नियम) की प्रथम अनुसूची में निर्धारित किए जाते हैं। उक्त समितियां क्रमशः निवेश एवं वृद्धि तथा रोजगार एवं कौशल विकास से संबंधित मुद्दों का समाधान करेंगी। दोनों समितियों की वर्तमान संरचना संलग्न है।

<u>अनुबंध</u>

लोक सभा के दिनांक 15.07.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3511 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

<u>निवेश एवं वृद्धि संबंधी मंत्रिमंडल समिति</u>

संरचना

प्रधान मंत्री
श्री राज नाथ सिंह, रक्षा मंत्री
श्री अमित शाह, गृह मंत्री
श्री नितिन जयराम गडकरी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री; और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री
श्रीमती निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री; और कॉर्पोरेट मामले मंत्री
श्री पीयूष गोयल, रेल मंत्री; और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

*****

<u>रोजगार एवं कौशल विकास संबंधी मंत्रिमंडल समिति</u>

<u>संरचना</u>

प्रधान मंत्री
श्री राज नाथ सिंह, रक्षा मंत्री
श्री अमित शाह, गृह मंत्री
श्रीमती निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री; और कॉर्पोरेट मामले मंत्री
श्री नरेंद्र सिंह तोमर, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री; ग्रामीण विकास मंत्री; और पंचायती राज मंत्री
श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक', मानव संसाधन विकास मंत्री
श्री पीयूष गोयल, रेल मंत्री; और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री
श्री धर्मेंद्र प्रधान, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री; और इस्पात मंत्री
डॉ. महेंद्रनाथ पांडे, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री
श्री संतोष कुमार गंगवार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
श्री हरदीप सिंह पुरी, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); नागरिक उड्डयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

<u>विशेष आमंत्रितगण</u>

श्री नितिन जयराम गडकरी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री; और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री
श्रीमती हरसिमरत कौर बादल, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री
श्रीमती स्मृति जुबीन इरानी, महिला एवं बाल विकास मंत्री; और कपड़ा मंत्री
श्री प्रहलाद सिंह पटेल, संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

*****